# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार ने किया बाजार का निरीक्षण

गोहाना, 17 अक्तूबर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने विश्वविद्यालय स्थित मिनी मार्किट में आज औचक निरीक्षण किया। कुलसचिव ने सफाई व्यवस्था देखते हुए दुकानदारों को बाहर सामान न रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को विशेष रूप से कहा कि वे दुकानों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और प्रत्येक दुकान पर वस्तुओं की रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें, ताकि छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मार्किट में उपस्थित लड़कियों से भी संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा तथा सुविधा से जुड़ी आवश्यक बातों पर चर्चा की।



अपने द्वारा बनाई गई कलाकृतियां दिखाती हुई छात्राएं।

# तोरण बनाओ, थाली और दीया सजाओ प्रतियोगिता आयोजित

गोहाना, 17 अक्तूबर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दीपावली के उपलक्ष्य पर तोरण बनाओ, थाली और दीया सजाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सुमिता सिंह ने की। इस अवसर पर छात्राओं ने बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया और छात्राओं ने सभी वस्तुएं वेस्ट हो चुके सामान से बनाई और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया मौके पर विजेताओं को सम्मानित किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि दीवाली का पावन पर्व हमारे जीवन में रोशनी का त्यौहार है और बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की जीत का प्रतीक है। इस दिन दीपक केवल घरों को सजाने के लिए ही नहीं, बल्कि जीवन के एक गहन सत्य को संप्रेषित करने के लिए भी जलाए जाते हैं। जब भीतर का अंधकार ईश्वर के प्रकाश से दूर हो जाता है।




छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रो. अशोक वर्मा।

# साहित्य और राजनीति : एक अंतर्संबंध विषय पर व्याख्यान का आयोजन

गोहाना, 17 अक्तूबर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'साहित्य और राजनीति: एक अंर्तसंबंध' विषय पर एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. रामपाल द्वारा की गई और अंग्रेजी भाषा के प्रोफेसर अशोक वर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को संबोधित किया जिसमें विभाग के शिक्षकों और छात्राओं ने भाग लिया। प्रोफेसर डॉ. अशोक वर्मा ने बताया कि साहित्य न केवल राजनीतिक विचारधाराओं का प्रतिबिंब होता है, बल्कि यह सामाजिक चेतना को प्रभावित करता है और प्रतिरोध व सुधार का माध्यम भी बनता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि साहित्य और राजनीति एक-दूसरे से गहराई से जुड़े ऐसे तत्व हैं जो समाज की नैतिक एवं बौद्धिक नींव का निर्माण करते हैं। प्रोफेसर रामपाल ने कहा कि कार्यक्रम में साहित्यिक अभिव्यक्ति और राजनीतिक चिंतन के अंतर्संबंध को गहराई से समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

# बीपीएसएमवी में साहित्य और राजनीति एक अंतर्संबंध विषय पर व्याख्यान का आयोजन



**पल पल न्यूजः गोहाना, 16 अक्टूबर (अनिल जिंदल)।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा साहित्य और राजनीति एक अंतर्संबंध विषय पर एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. रामपाल की अध्यक्षता में आयोजित इस व्याख्यान में अंग्रेजी भाषा के प्रो. अशोक वर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को सम्बोधित किया।

प्रोफेसर डॉ. अशोक वर्मा ने अपने विचारोत्तेजक व्याख्यान में साहित्य और राजनीति के गहरे संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. वर्मा ने बताया कि साहित्य न केवल राजनीतिक विचारधाराओं का प्रतिबिंब होता है, बल्कि यह सामाजिक चेतना को प्रभावित करता है और प्रतिरोध व सुधार का माध्यम भी बनता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि साहित्य और राजनीति एक-दूसरे से गहराई से जुड़े ऐसे तत्व हैं जो समाज की नैतिक एवं बौद्धिक नींव का निर्माण करते हैं। प्रो.रामपाल ने व्याख्यान के विषय और उद्देश्यों का परिचय देते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अर्चना ने धन्यवाद तथा मंच संचालन दिनेश कुमार द्वारा किया गया।

# विश्वविद्यालय की मिनी मार्केट का किया औचक निरीक्षण



गोहाना मुद्रिका, 17 अक्तूबर : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव ने विश्वविद्यालय स्थित मिनी मार्केट में का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। रजिस्ट्रार ने सफाई व्यवस्था देखते हुए दुकानदारों को बाहर सामान न रखने के निर्देश दिए।उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे दुकानों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और प्रत्येक दुकान पर वस्तुओं की रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें, ताकि छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मार्केट में उपस्थित लड़कियों से भी संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा तथा सुविधा से जुड़ी आवश्यक बातों पर चर्चा की। रजिस्ट्रार ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

पंजाब केसरी
SAT, 18 OCTOBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# नैतिक और बौद्धिक नींव का निर्माण करते हैं साहित्य और राजनीति : डॉ. वर्मा

गोहाना, 17 अक्तूबर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'साहित्य और राजनीति : एक अंतर्संबंध' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. रामपाल की अध्यक्षता में आयोजित इस व्याख्यान में अंग्रेजी भाषा के डॉ. अशोक वर्मा ने छात्राओं को सम्बोधित किया।

डॉ. अशोक वर्मा ने साहित्य और राजनीति के गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला। डॉ. वर्मा ने कहा कि साहित्य न केवल राजनीतिक विचारधाराओं का प्रतिबिंब होता है, बल्कि यह सामाजिक चेतना को प्रभावित करता है और प्रतिरोध व सुधार का माध्यम भी बनता है।


उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि साहित्य और राजनीति एक-दूसरे से गहराई से जुड़े ऐसे तत्व हैं जो समाज की नैतिक एवं बौद्धिक नींव का निर्माण करते हैं। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना और दिनेश भी मौजूद रहे।




डॉ. अशोक वर्मा छात्राओं को संबोधित करते हुए। (अरोड़ा)

पंजाब केसरी
SAT,18 OCTOBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# रजिस्ट्रार ने विश्वविद्यालय की मिनी मार्किट का किया औचक निरीक्षण



रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव।

गोहाना, 17 अक्तूबर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव ने विश्वविद्यालय स्थित मिनी मार्किट का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। रजिस्ट्रार ने सफाई व्यवस्था देखते हुए दुकानदारों को बाहर सामान न रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे दुकानों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और प्रत्येक दुकान पर वस्तुओं की रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें, ताकि छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने मार्किट में उपस्थित लड़कियों से भी संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा तथा सुविधा से जुड़ी आवश्यक बातों पर चर्चा की। रजिस्ट्रार ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# 'प्रत्येक दुकान पर वस्तुओं की रेट लिस्ट लगाएं'

जासं, गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने विश्वविद्यालय परिसर में मिनी मार्केट का औचक निरीक्षण किया। कुलसचिव ने सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए दुकानदारों को बाहर सामान न रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे दुकानों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और प्रत्येक दुकान पर वस्तुओं की रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें, ताकि छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि दुकानदार अच्छी कंपनियों के और गुणवत्ता वाले सामान की ही बिक्री करें। दुकानदार विश्वविद्यालय परिसर में स्टाफ व छात्राओं से मधुर व्यवहार करें। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर सुरक्षा से जुड़ी बातों पर चर्चा की। पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी दुकान में गंदगी फैली मिली तो कार्रवाई होगी।



प्रो. शिवालिक यादव, कुलसचिव

# 'सामाजिक चेतना को प्रभावित करता है साहित्य'




विश्वविद्यालय में प्रो . अशोक वर्मा छात्राओं को संबोधित करते हुए • सौ. प्रवक्ता

**वि., गोहाना** : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शुक्रवार को साहित्य और राजनीति एक अंतर संबंध विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो . रामपाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अंग्रेजी भाषा के प्रो . अशोक वर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने साहित्य और राजनीति के गहरे संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि साहित्य न केवल राजनीतिक विचारधाराओं का प्रतिबिंब होता है, बल्कि यह सामाजिक चेतना को प्रभावित करता है और प्रतिरोध व सुधार का माध्यम भी बनता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि साहित्य और राजनीति एक-दूसरे से गहराई से जुड़े ऐसे तत्व हैं जो समाज की नैतिक एवं बौद्धिक नींव का निर्माण करते हैं। प्रो . रामपाल विषय और उद्देश्यों का परिचय देते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की। इस मौके पर डा . अर्चना, दिनेश कुमार रहे।